दिन–शुक्रवार

दिनांक– 28/08/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री जनधन योजना के बारह वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी ने कहा – इस योजना ने लोगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

02 नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बिहार में बाढ़ का खतरा फिलहाल टला। जल संसाधन विभाग गंडक नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मीठापुर–करबिगहिया और मीठापुर–महुली फ्लाईओवर का लोकार्पण किया।

04. और, भाई–बहनों के अटूट स्नेह और विश्वास का त्योहार रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

प्रधानमंत्री जनधन योजना के आज बारह साल पूरे हो गए हैं। इस योजना के तहत अब तक बैकों में तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रुपये की राशि जमा की गयी है। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में जन धन योजना के अभूतपूर्व परिवर्तनकारी परिणामों का प्रभाव बेमिसाल है। श्री मोदी ने कहा कि जन धन योजना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में आज ही के दिन किया था। योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। यह योजना सभी भारतीयों के लिए बैंकिंग पहुंच को सुलभ बना रही है। योजना के तहत महिलाओं के लगभग 56 प्रतिशत खातों सहित 78 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। दीपेंद्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मनोज।

इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस महत्वपूर्ण योजना के बारह साल पूरे होने पर कहा कि इस योजना ने आर्थिक सशक्तिकरण को जन–जन का अधिकार बनाया है। श्री चौधरी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि इस योजना ने आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत किया है।

———————————————————————

नेपाल में भीषण बाढ़ के बाद बिहार में बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। गंडक नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है। वाल्मीकिनगर बैराज पर गंडक

नदी का जलस्तर आज शाम सात बजे सत्तानवे हजार पांच सौ क्यूसेक दर्ज किया गया। उपमुख्यमंत्री सह–जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि नदी का प्रवाह फिलहाल सामान्य है। उन्होंने कहा कि गंडक नदी में पहुंचने से पहले भोटेकोशी, त्रिशूली और नारायणी नदियों से गुजरते हुए जलस्तर कम हो गया है।

––साउंड बाइट––

इधर, राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने नेपाल में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बिहार लोकभवन में आज आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदयकांत मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्यपाल को बताया कि विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

नेपाल–तिब्बत में आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच सौ सैंतीस हो गई है। सीमा के दोनों तरफ़ एक हजार पांच सौ पैंतालीस लोग अभी भी लापता हैं। इधर, भारत ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से बचाए गए इक्कीस भारतीय आज दिल्ली पहुंच गये हैं। वहीं, त्रिशूली–वन जलविद्युत परियोजना के तिरेसठ कर्मचारियों को भी बचा लिया गया है। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

भोटे–कोशी नदी प्रणाली के स्रोत के पास नई झील बन गई है। इसके टूटने से पानी के एक और तेज़ बहाव की आशंका है। इससे बचाव कार्यों में बाधा आ सकती है। इस बीच, आज चीन के सिचुआन प्रांत में 5 दशमलव एक तीव्रता के भूकंप के बाद नेपाल में बाढ़ की नई चेतावनी जारी की गई है। अधिकारियों ने त्रिशुली क्षेत्र में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया है। नेपाल पुलिस ने बताया कि तिब्बत की ओर स्थित एक बांध फिर टूट गया है। वहां के निवासियों और सुरक्षाकर्मियों से सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नेपाल में फंसे 290 भारतीय नागरिक अब भी लापता हैं। उनका पता लगाने और सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। खोज और बचाव कार्यों में सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात कर उन्हें सहायता का आश्वासन दिया। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

नेपाल में नारायणी नदी का जलस्तर बढ़ने और गंडक नदी में संभावित जल वृद्धि को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने पश्चिम चंपारण में बाढ़ से निपटने की तैयारियों को तेज कर दिया है। आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने आज बेतिया में इस संबंध में प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मीठापुर–करबिगहिया और मीठापुर–महुली फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। इसके बाद दोनों फ्लाईओवर पर वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। इन फ्लाईओवर के चालू होने से मीठापुर, करबिगहिया, सिपारा और न्यू बाईपास मार्ग पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही करबिगहिया और मीठापुर क्षेत्र में यातायात का दबाव भी कम होगा।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उद्यान प्रमंडल और भवन निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बिहार विधानसभा प्रांगण में निर्माणाधीन संग्रहालय के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

———————————————————————

महाराष्ट्र के नाशिक से चार सौ पचास टन से अधिक प्याज लेकर पहली कांदा एक्सप्रेस आज सुबह दिल्ली पहुंची। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों में नियंत्रण के लिए बफर स्टॉक से प्याज़ की नियंत्रित बिक्री शुरू की है। मंत्रालय ने बताया कि बिहार के पटना सहित देश के अलग–अलग भागों के प्रमुख उपभोग केंद्रों तक प्याज की आपूर्ति की जा रही है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और उचित कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने बताया कि हाल के दिनों में चीनी मिलों से बाहर चीनी की कीमतों में लगभग बीस प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि खुदरा चीनी की कीमतें भी कम होने लगी हैं।

———————————————————————

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

––म्यूजिक––

इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना कर रही हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प ले रहे हैं। राज्य के विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने जानकारी दी है कि रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने पूजा की थाली सजाकर उसमें रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई और राखी रखी। इसके बाद भाई के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधी। भाईयों ने बहनों को मिठाई खिलाकर उपहार दिए और उनकी रक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर परिवार के लोगों ने एक साथ मिलकर खुशियां साझा कीं। रक्षांबधन को लेकर बाजारों में भी काफी रौनक देखी गयी। विभिन्न दुकानों पर आकर्षक और रंग–बिरंगी राखियों की खूब बिक्री हुई।

––म्यूजिक––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रक्षा बंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन हमें याद दिलाता है कि जीवन में हर रिश्ते की नींव विश्वास, संवेदनशीलता और आपसी सहयोग पर टिकी होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर कामना करते हुए कहा कि प्यार, स्नेह और आपसी भरोसे का बंधन हमेशा मजबूत और अटूट बना रहे। वहीं, राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने अपने संदेश में कहा कि इस अवसर पर हमें महिलाओं के लिए गरिमापूर्ण और सम्मानजनक वातावरण के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने इस अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई दी है।

––साउंड बाइट––

विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी इस पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रक्षाबंधन पर प्रदेशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि सभी बहनों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियाँ सदैव बनी रहें। जदयू, राजद और राष्ट्रीय लोक मोर्चा सहित अन्य दलों ने भी रक्षाबंधन पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

लोक जनशक्ति पाटी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रक्षाबंधन पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें महिलाओं को सशक्त बनाने का एक सुअवसर प्रदान करता है।

––साउंड बाइट––

—————————————————————————

रक्षाबंधन के अवसर पर पटना के राजधानी वाटिका में राज्य स्तरीय वृक्ष सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पेड़ को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण और पेड़ों की सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। इधर, पटना के बेऊर आदर्श केंद्रीय कारा और मुजफ्फरपुर के खुदीराम बोस केंद्रीय कारा सहित अन्य जेलों में बंद कैदियों की बहनों ने जेल में राखी बांधी।

—————————————————————————

प्रदेश में कम दबाव के प्रभाव से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के गया, किशनगंज और बक्सर जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी। वहीं, प्रदेश के अन्य भागों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

––साउंड बाइट––

—————————————————————————

कटिहार पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत चोरी या गुम हुए छियासी मोबाईल फोन बरामद कर उनके असली धारकों को सौंप दिया है।

—————————————————————————

कटिहार, सीवान, सीतामढ़ी, भागलपुर, शेखपुरा, अररिया, किशनगंज और मधुबनी में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए अभया बिग्रेड की पुलिस दीदियों ने स्कूटर से फ्लैग मार्च निकाला।

—————————————————————————

सहरसा और रोहतास में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका–सुधा बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया गया।

—————————————————————————

किशनगंज जिले के सुखानी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग– तीन सौ सत्ताईस–ई पर ट्रक और कार की भीषण टक्कर में कार सवार दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गए। वहीं, सुपौल थाना क्षेत्र के रामविष्णुपुर में

एनएच–सत्ताईस पर सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री जनधन योजना के बारह वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी ने कहा – इस योजना ने लोगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

02 नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बिहार में बाढ़ का खतरा फिलहाल टला। जल संसाधन विभाग गंडक नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मीठापुर–करबिगहिया और मीठापुर–महुली फ्लाईओवर का लोकार्पण किया।

04. और, भाई–बहनों के अटूट स्नेह और विश्वास का त्योहार रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।